राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग
जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक, सी–स्कीम, जयपुर
Phone No. : 0141-2229314 Website : lsg.urban.rajasthan.gov.in e-mail : addlblsg@gmail.com

क्रमांक : प.1 (क)(34)कार्मिक / स्वा.शा.वि. / 2024 / 15895 जयपुर, दिनांक : 11/12/24

# आदेश

स्वायत्त शासन विभाग के अधीन नगरीय निकायों में विभिन्न सेवा संवर्ग के अधिकारियों / कर्मचारियों के पद रिक्त होने के कारण निकायों की कार्य क्षमता व दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे है।

अतः राजस्थान नगर पालिका सेवा (प्रशासनिक, तकनीकी, अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक संवर्ग) के अधिकारियों / कर्मचारियों (संलग्न सूची अनुसार) के रिक्त पदों पर केन्द्र / राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभागों / राजकीय उपक्रमों / मण्ड़लों / निगमों / सहकारी संस्थाओं / पंचायतीराज संस्थाओं में सेवारत अधिकारियों / कर्मचारियों की सेवायें प्रतिनियुक्ति पर निम्न वर्णित शर्तों के अध्यधीन लिये जाने का निर्णय लिया गया है :–

**A.प्रतिनियुक्ति हेतु शर्तें :**

1. प्रतिनियुक्ति पर इच्छुक अधिकारी राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक, तकनीकी, अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक संवर्ग) सेवा के अधिकारियों / कर्मचारियोंके समकक्ष पद (ग्रेड़ पे) या उच्च पद पर कार्यरत हो।
2. प्रतिनियुक्ति पर इच्छुक अधिकारियों के पैतृक विभाग की अनापत्ति प्रस्तुत करनी होगी।
3. प्रतिनियुक्ति पर इच्छुक अधिकारी न्यूनतम 1 वर्ष एवं अधिकतम 4 वर्ष की अवधि के लिये प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहेंगे।
4. अधिकारी / कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति सेवा अवधि के दौरान कार्य निष्पादन (Work Performance) संतोषजनक नहीं होने एवं कार्य में लापरवाही / दुराचरण पाये जाने पर पैतृक विभाग के लिये कार्यमुक्त कर दिया जावेगा।
5. उक्त अधिकारियों को वेतन संरक्षण देय होगा एवं प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा।
6. रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति की अवधि इन पदों पर पदोन्नति अथवा भर्ती पश्चात् उपलब्ध नव चयनित अधिकारियों की नियुक्ति तक ही होगी।

इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति के अतिरिक्त उक्त पदों पर संविदा (Contract Basis) के आधार पर फिक्स वेतन पर कार्य करने हेतु इच्छुक योग्य सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों से भी निम्न वर्णित शर्तों के अध्यधीन सेवायें लिये जाने का निर्णय लिया गया है :–

**B.संविदा हेतु शर्तें :**

1. संविदा के आधार पर फिक्स वेतन पर कार्य करने हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारी राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक, तकनीकी, अधीनस्थ एवं

मंत्रालयिक संवर्ग) सेवा के अधिकारियों/कर्मचारियों के समकक्ष पद (ग्रेड़ पे) या उच्च पद से सेवानिवृत्त हों।

2. संविदा पर कार्य करने के इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी की अधिकतम आयु 65 वर्ष हो।
3. सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी की संविदा सेवा अवधि के दौरान कार्य निष्पादन (Work Performance) संतोषजनक नहीं होने एवं कार्य में लापरवाही/दुराचरण पाये जाने पर कार्यमुक्त कर दिया जावेगा।
4. उपरोक्त पदों पर संविदा की अवधि इन पदों पर पदोन्नति अथवा भर्ती के उपरान्त उपलब्ध नव चयनित अधिकारियों की नियुक्ति तक ही होगी।

उक्त रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन समस्त दस्तावेजों सहित दिनांक 31.12.2024 तक प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदन की जांच/साक्षात्कार उपरांत नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्णय लिया जावेगा। नियुक्ति के सम्बन्ध में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

(कुमार पाल गौतम)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

क्रमांक : प.1 (क)(३५)कार्मिक/स्वा.शा.वि./2024/15896-16274 दिनांक : 11/12/2024
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. अतिरिक्त सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक एवंविशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
6. सम्भागीय आयुक्त/जिला कलेक्टर्स, समस्त राजस्थान।
7. महापौर/सभापति/अध्यक्ष/आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/परिषद/पालिकायें, समस्त राजस्थान।
8. अतिरिक्त निदेशक/सचिव, भर्ती आयोग/उप निदेशक (प्रशासन)/वित्तीय सलाहकार/संस्थापन अधिकारी, निदेशालय।
9. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, समस्त राजस्थान।
10. संयुक्त निदेशक कम सिस्टम एनालिस्ट/जनसम्पर्क अधिकारी, निदेशालय।
11. सुरक्षित पत्रावली।

(श्याम सिंह शेखावत)
अतिरिक्त निदेशक

राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग

जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक, सी–स्कीम, जयपुर
Phone No. : 0141-2229314 Website : lsg.urban.rajasthan.gov.in e-mail : addlblsg@gmail.com

क्रमांक : प.1 (क)(34)कार्मिक / आरएमएस / स्वाशावि / 2024 / 16278 जयपुर, दिनांक : 11.12.2024

आयुक्त,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

विषय : विज्ञप्ति प्रकाशन बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विभाग द्वारा नगरीय निकायों में राजस्थान नगर पालिका सेवा के कार्मिक के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति पर सेवायें देने हेतु केन्द्र / राज्य सरकार के अधीन विभागों / राजकीय उपक्रमों / मण्ड़लों / निगमों आदि में सेवारत अधिकारियों / कर्मचारियों से प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन 'राजस्थान पत्रिका' एवं 'दैनिक भास्कर' दैनिक समाचार पत्रों के राजस्थान के समस्त संस्करणों में तथा राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र 'टाईम्स ऑफ इण्ड़िया' के समस्त संस्करणों में दिनांक 12.12.2024 को प्रकाशित करवाने का श्रम करावें। साथ ही उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक पत्रिका 'रोजगार समाचार' एवं रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार द्वारा प्रकाशित पाक्षिक समाचार–पत्र 'राजस्थान रोजगार संदेश' के आगामी अंक में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

(श्याम सिंह शेखावत)
अतिरिक्त निदेशक

क्रमांक : प.1 (क)(34)कार्मिक / आरएमएस / स्वाशावि / 2024 / 16277-79 दिनांक : 11.12.2024
प्रतिलिपि :

1. जनसम्पर्क अधिकारी, निदेशालय को प्रेषित कर लेख है कि संलग्न संक्षिप्त विज्ञप्ति का प्रकाशन शीघ्र करवाने की कार्यवाही करावें।
2. संयुक्त निदेशक कम सिस्टम एनालिस्ट, निदेशालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त संक्षिप्त विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईट पर अविलम्ब अपलोड़ करावें।
3. कॉर्डिनेटर, सी.एम.ए.आर., निदेशालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त संक्षित विज्ञप्ति को सम्बन्धित साईट पर अविलम्ब अपलोड़ करावें।

अतिरिक्त निदेशक

राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग

जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक, सी–स्कीम, जयपुर

Phone No. : 0141-2229314 Website : lsg.urban.rajasthan.gov.in e-mail : addlblsg@gmail.com

क्रमांक : प.1 (क)(34)कार्मिक / आरएमएस / स्वाशावि / 2024 / 16275 जयपुर,दिनांक : 11.12.2024

## सार्वजनिक विज्ञप्ति

विभाग के अधीन नगरीय निकायों में राजस्थान नगर पालिका सेवा (प्रशासनिक, तकनीकी, अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक संवर्ग) के कार्मिकों के विभिन्न रिक्त पदों पर कतिपय शर्तों के अध्यधीन केन्द्र / राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभागों / राजकीय उपक्रमों / मण्ड़लों / निगमों / सहकारी संस्थाओं / पंचायतीराज संस्थाओं में सेवारत अधिकारियों / कर्मचारियों की सेवायें प्रतिनियुक्ति पर लेने तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों की सेवायें संविदा (Contract Basis) के आधार पर फिक्स वेतन पर देने हेतु इच्छुक योग्य कार्यरत / सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों के लिये लिखित आवेदन की अंतिम तिथि 31.12.2024 है। प्रतिनियुक्ति / संविदा पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिकारी, विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन–पत्र मय आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच / परीक्षण / साक्षात्कार उपरान्त नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्णय लिया जावेगा। प्रतिनियुक्ति / संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में विभाग का निर्णय अंतिम होगा। विज्ञप्ति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विभाग की बेवसाईट : lsg.urban.rajasthan.gov.in अथवा निदेशालय स्थानीय निकाय से प्राप्त की जा सकती है।

(श्याम सिंह शेखावत)

अतिरिक्त निदेशक

नगर निकायों के अधीन राजस्थान नगर पालिका सेवा (प्रशासनिक, तकनीकी, अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक संवर्ग) के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधिकारी/कार्मिक का नाम | |
| 2. | पिता/पति का नाम | |
| 3. | जन्म तिथि व दिनांक 01.01.2025 को आयु | |
| 4. | स्थाई व अस्थाई पता : | |
| 5. | पदनाम | |
| 6. | सेवा संवर्ग | |
| 7. | विभाग व वर्तमान पदस्थापन कार्यालय का नाम | |
| 8. | मूल वेतन | |
| 9. | पे–बैण्ड़, ग्रेड़–पे व पे–लेवल | |
| 10. | राजकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति तिथि | |
| 11. | वर्तमान सेवा संवर्ग में नियुक्ति तिथि व वर्तमान पद पर कार्यग्रहण की तिथि | |
| 12. | सेवानिवृत्ति तिथि | |
| 13. | सेवानिवृत्ति तिथि को धारित पद | |
| 14. | सेवानिवृत्ति तिथि पर मूल वेतन | |
| 15. | यदि कार्मिक के विरूद्ध विभागीय/न्यायिक/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कोई जांच विचाराधीन हो, तो उसका विवरण। | |
| 16. | कार्मिक के विरूद्ध पूर्व में विभागीय/न्यायिक/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में जांच में कोई सजा/दण्ड़ादेश पारित हुआ हो, तो उसका विवरण | |
| 17. | कार्मिक की प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में पैतृक विभाग की अनापत्ति। | |

दिनांक :

हस्ताक्षर :
नाम :
पदनाम :
मोबाईल नं. :

राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक, तकनीकी, अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक संवर्ग) सेवा में प्रतिनियुक्ति हेतु अधिकारियों / कार्मिकों के रिक्त पदों का विवरण (दिनांक 20.11.2024) :

| क्रम सं. | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | पे–बैण्ड व ग्रेड–पे | योग्यता | प्रतिनियुक्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अधिशाषी अधिकारी–द्वितीय / सचिव | 07 | PB-3 15600-39100 L-15 GP 6000/- | स्नातक एवं राज्य सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 2. | अधिशाषी अधिकारी–तृतीय | 17 | PB-3 15600-39100 L-14 GP 5400/- | स्नातक एवं राज्य सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 3. | राजस्व अधिकारी–प्रथम | 11 | PB-3 15600-39100 L-14 GP 5400/- | स्नातक एवं राज्य सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 4. | अधिशाषी अधिकारी–चतुर्थ | 111 | PB-2 9300-34800 L-11 GP 4200/- | स्नातक एवं राज्य सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 5. | राजस्व अधिकारी–द्वितीय | 62 | PB-2 9300-34800 L-12 GP 4800/- | स्नातक एवं राज्य सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 6. | कर निर्धारक | 33 | PB-2 9300-34800 L-12 GP 4800/- | स्नातक एवं राज्य सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 7. | संयुक्त विधि परामर्शी | 04 | PB-3 15600-39100 L-20 GP 8200/- | विधि स्नातक एवं राज्य विधि सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष एवं अधिक अवधि के लिये |
| 8. | उप विधि परामर्शी | 06 | PB-3 15600-39100 L-18 GP 7200/- | विधि स्नातक एवं राज्य विधि सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष एवं अधिक अवधि के लिये |
| 9. | सहायक विधि परामर्शी | 16 | PB-3 15600-39100 L-15 GP 6000/- | विधि स्नातक एवं राज्य विधि सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष एवं अधिक अवधि के लिये |
| 10. | वरिष्ठ विधि अधिकारी | 00 | PB-2 9300-34800 L-12 GP 4800/- | विधि स्नातक एवं राज्य विधि सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष एवं अधिक अवधि के लिये |
| 11. | कनिष्ठ विधि अधिकारी | 03 | PB-2 9300-34800 L-10 GP 3600/- | विधि स्नातक एवं राज्य विधि सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष एवं अधिक अवधि के लिये |
| 12. | स्वास्थ्य अधिकारी (साधारण वेतन श्रृंखला) | 29 | PB-3 15600-39100 L-14 GP 5400/- | चिकित्सा में स्नातक एवं राज्य | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | चिकित्सा सेवा के समकक्ष | |
| 13. | पशु चिकित्सा अधिकारी | 08 | PB-3 15600-39100 L-14 GP 5400/- | पशु चिकित्सा में स्नातक एवं राज्य पशु चिकित्सा सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष एवं अधिक अवधि के लिये |
| 14. | सहायक अभियन्ता (सिविल / विद्युत / यांत्रिक) | (62+30 +19) = 111 | PB-3 15600-39100 L-14 GP 5400/- | अभियांत्रिकी (सिविल / विद्युत / यांत्रिक) में मास्टर डिग्री एवं राज्य अभियांत्रिकी सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 15. | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल / यांत्रिक) | (112+03+24) = 139 | PB-2 9300-34800 L-10 GP 3600/- | अभियांत्रिकी (सिविल / विद्युत / यांत्रिक) में स्नातक एवं राज्य अभियांत्रिकी सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 16. | उप नगर नियोजक | 05 | PB-3 15600-39100 L-16 GP 6600/- | आर्किटेक्चर में स्नातक एवं राज्य नगर नियोजन सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 17. | सहायक नगर नियोजक | 05 | PB-3 15600-39100 L-14 GP 5400/- | आर्किटेक्चर में स्नातक एवं राज्य नगर नियोजन सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 18. | नगर नियोजन सहायक | 20 | PB-2 9300-34800 L-11 GP 4200/- | आर्किटेक्चर में स्नातक एवं राज्य नगर नियोजन सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 19. | वरिष्ठ प्रारूपकार | 00 | PB-2 9300-34800 L-10 GP 3600/- | आर्किटेक्चर में डिप्लोमा एवं अधीनस्थ नगर नियोजन सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 20. | सहायक लेखाधिकारी–प्रथम | 34 | PB-2 9300-34800 L-12 GP 4800/- | स्नातक एवं राज्य अधीनस्थ लेखा सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 21. | सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय / लेखाकार | 15 | PB-2 9300-34800 L-11 GP 4200/- | स्नातक एवं राज्य अधीनस्थ लेखा सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 22. | कनिष्ठ लेखाकार | 235 | PB-2 9300-34800 L-10 GP 3600/- | स्नातक एवं राज्य अधीनस्थ लेखा सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 23. | राजस्व निरीक्षक | 188 | PB-2 9300-34800 L-10 GP 3600/- | स्नातक एवं राज्य अधीनस्थ सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 24. | सहायक राजस्व निरीक्षक | 197 | PB-1 5200-20200 L-9 GP 2800/- | स्नातक एवं राज्य अधीनस्थ सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 25. | मुख्य सफाई निरीक्षक | 41 | PB-2 9300-34800 L-12 GP 4800/- | स्नातक एवं एलएसजीडी अथवा ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन में ड़िप्लोमा | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 26. | सफाई निरीक्षक–प्रथम | 127 | PB-2 9300-34800 L-10 GP 3600/- | स्नातक एवं एलएसजीडी अथवा ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन में डिप्लोमा | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 27. | सफाई निरीक्षक–द्वितीय | 192 | PB-1 5200-20200 L-9 GP 2800/- | स्नातक एवं एलएसजीडी अथवा ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन में ड़िप्लोमा | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 28. | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | 152 | PB-2 9300-34800 L-10 GP 3600/- | मंत्रालयिक सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति / सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 29. | वरिष्ठ सहायक | 488 | PB-1 5200-20200 L-9 GP 2800/- | मंत्रालयिक सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा पदोन्नति से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 30. | कनिष्ठ सहायक | 1259 | PB-1 5200-20200 L-5 GP 2400/- | मंत्रालयिक सेवा के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| 31. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 484 | PB-1 5200-20200 L-1 GP 1700/- | चतुर्थ श्रेणी सेवा संवर्ग के समकक्ष | 4 वर्ष अथवा सीधी भर्ती से कार्मिक उपलब्ध होने तक |
| | **कुल योग** | **3999** | | | |

आवेदन–पत्र

राजस्थान झील विकास प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति हेतु

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद का नाम | |
| 2. | अधिकारी/कार्मिक का नाम | |
| 3. | पिता/पति का नाम | |
| 4. | जन्म तिथि | |
| | दिनांक 01.01.2025 को आयु | |
| 5. | स्थाई व अस्थाई पता : | |
| 6. | पदनाम | |
| 7. | सेवा संवर्ग | |
| 8. | विभाग | |
| | वर्तमान पदस्थापन कार्यालय का नाम | |
| 9. | मूल वेतन | |
| 10. | पे–बैण्ड, | |
| | ग्रेड–पे | |
| | पे–लेवल | |
| 11. | राजकीय सेवा मे प्रथम नियुक्ति तिथि | |
| 12 | वर्तमान सेवा संवर्ग मे नियुक्ति तिथि व वर्तमान पद पर कार्यग्रहण की तिथि | |
| 13. | सेवानिवृति तिथि | |
| 14. | सेवानिवृति तिथि को धारित पद | |
| 15. | सेवानिवृति तिथि पर मूल वेतन | |
| 16. | यदि कार्मिक के विरूद्ध विभागीय/ न्यायिक / भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मे कोई जांच विचाराधीन हो, तो उसका विवरण। | |
| 17. | कार्मिक के विरूद्ध पूर्व मे विभागीय/ न्यायिक / भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मे जांच मे कोई सजा/दण्डादेश पारित हुआ हो, तो उसका विवरण | |
| 18. | कार्मिक की प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध मे पैतृक विभाग की अनापत्ति। | |
| 19. | आवेदन–पत्र प्रषित करने हेतु डाक का पता व ई–मेल : | निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग जी–3–ए राजमहल रेजीडेन्सी एरिया सिविल लाईन्स फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर–3002001 |

दिनांक :

स्थान :

आवेदक के हस्ताक्षर :

नाम :

पदनाम :

मोवाईल नम्बर :

Scanned with CamScanner